## कार्यपत्र-3

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) व्याकरणिक अथवा विकार के आधार पर शब्द के कितने भेद हैं? (ii) दो ✓

(ख) दो शब्दों के योग से बने शब्द जो विशेष अर्थ के लिए प्रसिद्ध हों, कहलाते हैं– (iii) योगरूढ़ ✓

(ग) इनमें संकर शब्द कौन-सा है? (i) टिकटघर ✓

(घ) इनमें तकनीकी शब्द है– (ii) रसायन ✓

(ङ) इनमें अविकारी शब्द है– (ii) क्योंकि ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) रचना के आधार पर शब्द के तीन भेद हैं–

1. रूढ़शब्द – पवन, कुर्सी 2. यौगिक शब्द – विद्यालय, रसोईघर 3. योगरूढ़ शब्द – हिमालय, पंकज।

(ख) जो शब्द क्षेत्रीय प्रभाव के कारण हिंदी में आए हैं, वे देशज शब्द कहलाते हैं। जैसे– आटा, पगड़ी आदि। जो शब्द विदेशी भाषाओं से हिंदी में आए हैं, वे विदेशी शब्द कहलाते हैं। जैसे– डॉक्टर, स्कूल आदि।

(ग) जो शब्द ज्ञान-विज्ञान, विभिन्न व्यवसाय या विभिन्न विषयों से संबंधित होते हैं, वे तकनीकी शब्द कहलाते हैं, जैसे– अर्थव्यवस्था, वाणिज्य, रसायन आदि।

**3. दिए गए तद्भव शब्दों के तत्सम रूप लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | धुआँ | धूम्र | (ख) | दीया | दीपक |
| (ग) | सुनार | स्वर्णकार | (घ) | साँप | सर्प |
| (ङ) | पैर | पाद | (च) | खेत | क्षेत्र |

**4. निम्नलिखित शब्दों में से रूढ़, यौगिक और योगरूढ़ शब्द छाँटकर लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| राष्ट्रपिता | नल | जलज | दशानन | घास | पुस्तकालय |
| कुर्सी | देवालय | पीतांबर | लंबोदर | कान | घुड़सवार |

| **रूढ़** | **यौगिक** | **योगरूढ़** |
|---|---|---|
| नल | राष्ट्रपिता | जलज |
| घास | पुस्तकालय | दशानन |
| कुर्सी | देवालय | पीतांबर |
| कान | घुड़सवार | लंबोदर |

**5. निम्नलिखित के दो-दो शब्द लिखिए।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | अरबी शब्द | वकील | इनाम | (ख) | तुर्की शब्द | चम्मच | बंदूक |
| (ग) | अंग्रेज़ी शब्द | टिकट | मास्टर | (घ) | पुर्तगाली शब्द | गमला | तौलिया |
| (ङ) | चीनी शब्द | लीची | चीकू | (च) | देशज शब्द | आटा | लकड़ी |
| (छ) | तद्भव शब्द | घोड़ा | घर | (ज) | विकारी शब्द | अच्छा | बच्चा |
| (झ) | एकार्थी शब्द | पेड़ | गेहूँ | (ञ) | अविकारी शब्द | अचानक | परंतु |